# समाचार

## पुराने कोरबा शहर को मिलेगी सर्वसुविधायुक्त उद्यान की सौगात

**(राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एक मार्च को करेंगे उद्यान निर्माण कार्य का भूमिपूजन, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल करेंगी कार्यक्रम की अध्यक्षता, 02 महत्वपूर्ण फोरलेन सड़कों का भी होगा भूमिपूजन)**

कोरबा 28 फरवरी 2019 –पुराने कोरबा शहर को बहुप्रतीक्षित सर्वसुविधायुक्त उद्यान की सौगात प्राप्त होने जारी है, शुक्रवार 01 मार्च को सायं 4 बजे प्रदेश के राजस्व मंत्री एवं कोरबा जिला प्रभारी मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल उक्त कार्य का भूमिपूजन कर उक्त सौगात प्रदान करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा की जाएगी, इसके साथ ही दर्री डेम से गोपालपुर तक एवं सीतामणी से बरबसपुर तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य तथा 2784 आवासगृहों की आवासीय योजना का भूमिपूजन भी किया जाएगा।

कोरबा पुराने शहर में वहां के निवासियों के लिए एक सर्वसुविधायुक्त उद्यान की आवश्यकता काफी समय से महसूस की जा रही थी तथा वहां के नागरिकों ने समय–समय पर एक उद्यान के निर्माण की मांग रखी थी, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की विशेष पहल पर अब कोरबा के निवासियों की यह सौगात प्राप्त होने जा रही है। पुराने कोरबा शहर मुख्य मार्ग पर स्थित पुराने वेयर हाउस को स्थानांतरित कर उक्त स्थल पर एक सर्वसुविधायुक्त उद्यान का निर्माण नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कराया जाएगा, इस उद्यान में ओपनजिम, एक्युप्रेशर पाथवे, योग एवं ध्यान कक्ष सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएगी। 01 करोड़ 14 लाख रूपये की लागत वाले इस सर्वसुविधायुक्त उद्यान कार्य के निर्माण कार्य का भूमिपूजन 01 मार्च शुक्रवार को सायं 4 बजे राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की अध्यक्षता में पुराने वेयर हाउस स्थल पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा उक्त कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा। सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउंसिल सदस्यगण, पार्षदगण तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण इस अवसर पर अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे। इसके साथ ही कोरबा शहर की यातायात सुधारने एवं निगम क्षेत्र के नागरिकों को अत्यंत महत्वपूर्ण सौगात देने की दिशा में 97 करोड़ 80 लाख रूपये की लागत से दर्री डेम से गोपालपुर तक एवं 84 करोड़ 64 लाख रूपये की लागत से सीतामणी से बरबसपुर तक फोरलेन सड़क का निर्माण निगम द्वारा कराया जाना है, वहीं 130 करोड़ रूपये की लागत वाली आवासीय योजना के तहत 2784 आवासगृहों का निर्माण भी किया जाना हैं, इन सभी महत्वपूर्ण कार्यो का भूमिपूजन भी उनके करकमलों से सम्पन्न होगा।